# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
## Physical Research Laboratory, Ahmedabad

विषय : पी.आर.एल. की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पुनर्गठित) की 59वीं बैठक ।
Sub : 59th meeting of Official Language Implementation Committee (reconstituted) of PRL.

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, मुख्य परिसर, अहमदाबाद के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं बैठक शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 को 1500 बजे से 1700 बजे तक वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। कार्यालयाध्यक्ष एवं निदेशक, पीआरएल, **प्रो. अनिल भारद्वाज** ने इस बैठक की अध्यक्षता की। निदेशक, पीआरएल ने स्वागत संबोधन दिया एवं सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा कार्यालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग, प्रचार एवं प्रसार हेतु हमेशा से प्रयासरत रहा है। इस बार माउंट आबू से सदस्य बीएसएनएल के साथ सेटकोम के माध्यम से भी बैठक में ऑनलाइन जुड़े। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। उपस्थित सदस्यों ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की। अध्यक्ष, रा.भा.का.स. ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में पीआरएल, अहमदाबाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इन्हें बनाये रखने का परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रत्येक प्रभागों के विभागीय बैठकों में भी हिंदी के विकास एवं हिंदी संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा करने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में मानक कार्यसूची के अनुसार मदवार चर्चा हुई जो निम्ननुसार है:-

(i) धारा 3 (3) के अंतर्गत कागजात द्विभाषी जारी करना।
(ii) हिन्दी में पत्राचार की स्थिति।
(iii) हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाना।
(iv) फाइलों पर हिन्दी में टिप्पण देना।
(v) हिन्दी (भाषा, टंकण व आशुलिपि) का प्रशिक्षण।
(vi) वेबसाइट पूरी तरह से द्विभाषी बनाना और अद्यतन रखना।
(vii) विभागीय आई.टी. सिस्टमों में हिन्दी में कार्य करने की सुविधा व इसका उपयोग सुनिश्चित कराना।
(viii) कोड/मैनुअल आदि पूरी तरह से द्विभाषी बनाना।
(ix) सभी कम्प्यूटरों पर द्विभाषी सुविधा (यूनिकोड में) उपलब्ध कराना।
(x) राजभाषा निरीक्षणों की स्थिति।
(xi) अनुभागों को अपना पूरा काम हिन्दी में करने के लिए अधिसूचित करना।

(xii) मंत्रालय/विभाग से संबंधित अन्य विशेष मुद्दे।

(xiii) मंत्रालय/विभाग में हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार के लिए उपलब्ध साधनों, यंत्रों जैसे क्म्प्यूटर, प्रिंटर्स, फैक्स आदि की समीक्षा।

(xiv) मंत्रालय/विभाग में रिक्त पदों एवं भविष्य में सृजित होने वाले पदों की समीक्षा।

(xv) मंत्रालय/विभाग में राजभाषा से संबंधित लोक शिकायतों की स्थिति की समीक्षा।

(xvi) राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह बैठक संपन्न हुई।
The Meeting ended with a vote of thanks.



